01/03/2026 आकाशवाणी, भोपाल 7.10पीएम

सांध्यकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंन्द्र मोदी ने कहा, देश में विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे के विकास पर ज़ोर।
- राज्य में पहली बार कृषि केबिनेट जनजातीय अंचल बड़वानी में कल आयोजित की जाएगी।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा, वन्य जीवों के संरक्षण की दिशा में मध्यप्रदेश की साख बढ़ी।
- मार्च महीने की शुरुआत तेज धूप और गर्मी के साथ, कई स्थानों पर तापमान 35 डिग्री के आसपास।

प्रधानमंत्री–तमिलनाडु

प्रधानमंत्री नरेंन्द्र मोदी ने आज तमिलनाडु के मदुरै में चार हजार चार सौ करोड रुपये से अधिक की ढांचागत परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित की और शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं में कुम्भकोणम, येरकोड और वेल्लुर में आकाशवाणी के तीन नये एफ एम रिले ट्रांसमीटर शामिल हैं। इन ट्रांसमीटरों से क्षेत्रीय संपर्क बढेगा, एफ एम का निर्बाध प्रसारण सुनिश्चित होगा और राज्य के कई जिलों में लोक प्रसारण सेवा की पहुंच बढेगी। इससे पहले प्रधानमंत्री ने पुडुचेरी में 27 सौ करोड रूपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश में विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे पर काफी ज़ोर दिया जा रहा है। कि इस वर्ष के केंद्रीय बजट में 12 लाख करोड़ रूपए बुनियादी ढांचा विकास के लिए रखे गए हैं।

कृषि केबिनेट

राज्य में पहली बार कृषि केबिनेट जनजातीय अंचल बड़वानी में कल आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि इसमें हम किसानों को होली की सौगात देने जा रहे हैं। किसानों की समृद्धि के लिए समर्पित इस वर्ष में किसानों को आत्मनिर्भर बनाने वाले सभी कार्यों और नवाचारों को प्रोत्साहन देंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसानों की समृद्धि के लिए खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में राज्य सरकार आगे बढ़ रही है। प्रदेश में जैविक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे हैं।

मनोहर–बीईई

केन्द्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि देश में अब आवश्यकता से अधिक बिजली उपलब्ध है। आज नई दिल्ली में ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के 25वें स्थापना दिवस के अवसर पर उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में बिजली की मांग बढ़ने की संभावना है और इसकी आपूर्ति के लिए भारत को अगले चार–पांच वर्ष में 30 गीगावाट अतिरिक्त बिजली उत्पादन क्षमता की आवश्यकता होगी। श्री लाल ने बताया कि ऊर्जा दक्षता ब्यूरो ने अपनी ऊर्जा संरक्षण पहलों के माध्यम से 50 हजार करोड़ रुपये की बिजली बचाने में मदद की है और देश को स्वच्छ और हरित ऊर्जा की ओर बढ़ने में मदद मिली है। विद्युत मंत्री ने बी.ई.ई. स्टार लेबल मोबाइल ऐप का शुभारंभ और नए बीईई/25 लोगो का अनावरण भी किया।

वन्यजीव संरक्षण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज दुर्लभ प्रजाति के 33 कछुए और 53 घड़ियाल कूनो नदी में छोड़े हैं। जिन कछुओं को नदी में छोड़ा जा रहा है वे मुरैना के कछुआ केन्द्र बरहई से लाए गए हैं। तेंतीस में से 25 कछुए तीन पट्टीदार छत वाले और 8 भारतीय फ्लेप शेल कछुआ हैं। देवरी घड़ियाल केन्द्र से लाकर 53 घड़ियालों को कूनो नदी में छोड़ा जा रहा है, ये कछुए ढोंगोंका और घड़ियाल, गंगा एवं ब्रह्मपुत्र नदी क्षेत्रों में पाई जाने वाली दुर्लभ जलीय प्रजातियां हैं। डॉ. यादव ने कहा है कि प्रदेश के वन, जैव विविधता की दृष्टि से निरंतर समृद्ध हो रहे हैं। केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव द्वारा कल बोत्सवाना अफ्रीका से लाए गए 9 चीते कूनो नेशनल पार्क में छोड़े गए हैं। मुख्यमंत्री ने मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा में कहा कि इस महत्वपूर्ण कदम ने वन्य जीवों के संरक्षण की दिशा में मध्यप्रदेश की साख और बढ़ाई है।

बीज कानून–शिवराज

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सरकार किसानों को मिलने वाले बीजों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने जा रही है। उन्होंने कहा है कि किसानों को सही बीज और कीटनाशक मिले, इसके लिए सुधार के तहत बीज और कीटनाशक संबंधी कानून लाया जा रहा है।

एचपीवी वैक्सीन

प्रदेश में 14 वर्ष की लड़कियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए एचपीवी वैक्सीन लगाने का अभियान कल से शुरू हो गया है। भोपाल में पहले दिन करीब दो हजार बच्चियों को वैक्सीन लगाई गई। उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने अभियान का शुभारंभ करते हुए कहा कि एचपीवी वायरस सर्वाइकल कैंसर का प्रमुख कारण है और टीकाकरण से इसके खतरे को कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं में स्तन कैंसर के बाद सबसे ज्यादा मामले सर्वाइकल कैंसर के ही भारत में पाए जाते हैं। ऐसे में यह अभियान जरूरी है। जबलपुर में 14 वर्ष आयु वर्ग की

बालिकाओं को एचपीवी का टीका लगाया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय मिश्रा ने बताया कि अगले तीन महीने तक जबलपुर जिले के 13 स्थानों पर टीकाकरण किया जाएगा।

## गर्मी

प्रदेश में मार्च महीने की शुरुआत तेज धूप और गर्मी के साथ हुई है। राजधानी भोपाल सहित कई स्थानों पर अधिकतम तापमान 32 से 35 डिग्री तक पहुंच गया है। प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान खरगोन में 35 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सीहोर जिले में तेज धूप निकलने से गर्मी का अहसास हुआ। इस समय सीहोर जिले में गेहूं और चने की कटाई का दौर चल रहा है। अब किसान फसलों को धूप में सुखाने की कोशिश कर रहे हैं ताकि नुकसान कम हो सके।

## समाचार संक्षेप में.....

- विश्व महिला दिवस के उपलक्ष्य में इंदौर में आज साड़ी वॉकथॉन का आयोजन किया गया, जिसमें 500 से अधिक महिलाओं ने साड़ी पहनकर स्वच्छता और प्लास्टिक मुक्त शहर का संदेश दिया। आयोजन का उद्देश्य महिलाओं को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना था।
- जबलपुर जिले में होली के मद्देनजर अपराधों पर अंकुश लगाने और कानून व्यवस्था मजबूत करने के उद्देश्य से कल रात से आज दोपहर तक जिलेभर में गश्त अभियान चलाया गया।
- नर्मदापुरम जिले की इटारसी में प्रधानमंत्री आवास योजना, शहरीगन के तहत 463 गरीब परिवारों को पक्के मकानों के लिए स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। प्रत्येक लाभार्थी को 2 लाख 50 हजार की अनुदान राशि के स्वीकृति पत्र सौंपे गए।
- कटनी जिले में त्यौहार के चलते आमजन को सुरक्षित और बिना मिलावट के खाद्य पदार्थ एवं मिठाइयाँ उपलब्ध हो सकें, इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा खाद्य सुरक्षा को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है।
- विज्ञान दिवस के अवसर पर आगरमालवा, जिले के सुसनेर स्थित पीएम श्री स्कूल नवोदय विद्यालय में प्रेरक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान आधारित एक नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया और एक रोचक प्रश्नोत्तरी भी आयोजित की गई।
- सीहोर जिले के भेरूंदा के आदिवासी बाहुल्य लाड़कुई गांव में बड़े उत्साह के साथ भगोरिया पर्व मनाया गया साथ ही भगोरिया मेले के अंतर्गत हाट–बाज़ार भी भरा।
- एम्स भोपाल द्वारा आज भोपाल में नेत्रदान जागरूकता कार्यक्रम और नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 65 से अधिक सेरेब्रल पाल्सी से प्रभावित बच्चों की नेत्र जांच की गई।
- झाबुआ जिले में कानून व्यवस्था और ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन ने लाउडस्पीकर, डीजे, बैण्ड और अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर सख्त नियम लागू किए हैं।

- संकल्प से समाधान अभियान के तहत दिव्यांगता की पहचान कर दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी करने हेतु नीमच में शासकीय अस्पताल सिंगोली में आयोजित शिविर में कुल 119 दिव्यांगों ने अपना पंजीयन कराया।
- मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के विद्यार्थियों ने कल दक्षिण वन मंडल पन्ना कार्यालय के शैक्षणिक भ्रमण के दौरान वन संरक्षण, वन्य जीव प्रबंधन और जैव विविधता से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं।
- शिवपुरी जिले में पेयजल संकट की स्थिति को ध्यान में रखते हुये लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग में जिला एवं विकास खण्ड स्तर पर हैण्ड पंप संधारण की शिकायत दर्ज कराने के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किये गये हैं। जिला स्तर पर कंट्रोल रूम का टेलफोन नंबर 07492–223269 है।

-----------------------------------